हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर |

06 जिले में खाद का है पर्याप्त स्टॉक किसान केंद्रों से कर...



09 नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, बनखेड़ी



खबर संक्षेप

तुलसी जयंती पर कार्यक्रम आज

नर्मदापुरम। प्रतिवर्ष अनुसार तुलसी विद्या मंदिर मालाखेड़ी में तुलसी जयंती कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार 18 अगस्त 2026 को 12 से 2:00 बजे तक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। 19 तारीख बुधवार प्रातः रामचरितमानस का अखंड पारायण प्रारंभ होगा गुरुवार सुबह रामचरितमानस पारायण विश्राम उपरांत हवन पूजन आदि का आयोजन किया गया है।

रामबाबू बने नाई महासभा में प्रदेश महासचिव

सोहागपुर। सोहागपुर सराठे समाज के सक्रिय कार्यकर्ता रामबाबू सराठे को राष्ट्रीय नाई महासभा में मध्य प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। उक्ताशय का पत्र गत दिवस राष्ट्रीय नाई महासभा मध्य प्रदेश अध्यक्ष दीपक सराठे ने प्रेषित किया है। पत्र अनुसार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद गांधी की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई है। तथा अपेक्षा है कि रामबाबू सराठे संस्था के उद्देश्यों तथा संवैधानिक सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए समाज हित में कार्य करेंगे। नियुक्ति पर समस्त परिचितों, परिजनों, साथियों एवं सामाजिक नागरिकों ने रामबाबू सराठे को बधाई दी है।



जिले में अब तक 562 मिमी वर्षा दर्ज

नर्मदापुरम। जिले में 1 जून 2026 से आज दिनांक को प्रातः8 बजे तक जिले में 562.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 959.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। 16 अगस्त से 17,अगस्त,2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 2.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी 14.0 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 2.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 6.9 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 34.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई।

पचमढ़ी में भक्तों ने किए महादेव के दर्शन, नर्मदापुरम में खुला नाग चंद्रेश्वर मंदिर

नागपंचमी पर शिवालयों में लगा भक्तों का तांता, जिले भर में मनाया त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नाग पंचमी के अवसर पर पिपरिया स्थित शिव नगरी पचमढ़ी में श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। सावन के तीसरे सोमवार को 4200 फीट की ऊंचाई पर स्थित चौरागढ़ शिव मंदिर में हजारों भक्तों ने भगवान भोले शंकर का पूजन कर त्रिशूल अर्पित किए। तहसीलदार वैभव बैरागी के अनुसार, नागद्वारी मेले के अंतिम दिन लगभग 60,000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जबकि छुट्टियों के दौरान मेले में कुल 5 लाख से अधिक भक्त पहुंचे। नाग पंचमी पर नागद्वारी यात्रा के समापन के बाद भी चौरागढ़ मंदिर में भक्तों की भीड़ बनी रही। रिमझिम बारिश के बावजूद, हजारों श्रद्धालुओं ने 4200 फीट की ऊंचाई पर स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए 1300 खड़ी सीढ़ियां चढ़ीं।



नागपंचमी पर खुला श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर

कोठी बाजार की चौराहे वाली गली में स्थित नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर साल में केवल एक बार नागपंचमी के दिन ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जाता है। इस अनूठे मंदिर के कपाट, जिन्हें चोरे परिवार द्वारा खोला जाता है, उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर स्थित नागचंद्रेश्वर की तर्ज पर सिर्फ 24 घंटे के लिए खुलते हैं। वहीं पट खुलते ही नाग नागिन के जोड़ों के दर्शन होते हैं और लागों को काल सर्प दोष से मुक्ति मिल जाती है।

वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग अभिषेक में गूंजी शिव की महिमा



इटारसी। पाप का अंत होता है और पुण्य अनंत है। राक्षसी शक्तियां कुछ समय के लिए देवताओं और मनुष्यों को परेशान कर सकती हैं, लेकिन अंततः उनका नाश होता है। इसी भाव के साथ श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर, लक्कड़गंज में पंचम दिवस वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा एवं अभिषेक यजमान श्रीमती अंकिता घनश्याम तिवारी द्वारा किया गया। मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने बताया कि वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की पूजा महाराष्ट्र के परली और बिहार की चिताभूमि में की जाती है। परली वैद्यनाथ महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित है और इसे भगवान शिव एवं माता पार्वती के साथ निवास के कारण 'अनोखी काशी' भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग को धन्वंतरी और अमृतेश्वर नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने अमृत की रक्षा के लिए धन्वंतरी को शिवलिंग में छिपाया था।

निकली बाबा विश्वनाथ की शाही सवारी

सावन के अवसर पर सोमवार शाम सिवनी मालवा नगर में बाबा विश्वनाथ की शाही सवारी निकाली गई। बाबा विश्वनाथ धाम से शाम 6 बजे यह सवारी शुरू हुई, जिसमें बाबा विश्वनाथ पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। शाही सवारी के स्वागत के लिए नगरवासियों में उत्साह देखा गया। सवारी के मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना की और पालकी का स्वागत किया।

वृक्ष से टकराई कार, पति-पत्नी घायल हुए, नवजात सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की सुबह लगभग 8:30 बजे एक कार वृक्ष से टकरा गई। जिसमें सवार दंपत्ति घायल हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को डायल 112 वाहन से सोहागपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का इलाज किया गया है। जानकारी अनुसार घटना में जीवन विश्वकर्मा भजनलाल विश्वकर्मा तथा उनकी पत्नी पार्वती निवासी शाहपुर घायल हो गए। वहीं गंभीर दुर्घटना में घायल दंपत्ति के लगभग एक वर्षीय पुत्र को कोई खरोंच तक नहीं आई है तथा वह सुरक्षित है। घटनास्थल



पर पुलिस ने तथा अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चे को दुलारा तथा उसकी देखभाल की। बताया जाता है कि सोहागपुर अस्पताल से घायलों को नर्मदापुरम रैफर किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण



नर्मदापुरम। संगठन सृजन के तहत नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उनके एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। गुड्डन पांडेय ने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उनके कार्यकाल में पंचायत, मंडलम, वार्ड कमेटियों के गठन के साथ बीएलए-2 का गठन किया गया। इससे जिले में कांग्रेस संगठन को नई गति मिलने का दावा किया गया है। उनके कार्यकाल के दौरान पचमढ़ी में राष्ट्रीय स्तर का कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ, जिसमें राहुल गांधी सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया।

भगवती राइस मिल में दर्दनाक हादसा, मशीन में फंसने से मजदूर का हाथ-पैर कटा, मिल हुई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र मोहासा स्थित भगवती राइस मिल में शनिवार शाम एक बड़ा औद्योगिक हादसा सामने आया है। मिल में काम करने के दौरान मशीन की चपेट में आने से 45 वर्षीय मजदूर महेश नामदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में महेश का एक हाथ और एक पैर कट गया है।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में भोपाल के सागर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित की पहचान घायल मजदूर महेश नामदेव मूल रूप से बिकोर के निवासी हैं और वर्तमान में माखननगर में रहकर भगवती राइस मिल में मजदूरी कर रहे थे।

हादसा शनिवार शाम करीब 5:30 बजे काम के दौरान महेश अचानक मशीन में फंस गए। साथी मजदूरों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रबंधन की लापरवाही और पुलिस को रोकने की कोशिश घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मिल प्रबंधन ने पुलिस या प्रशासन को कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी। शनिवार रात 9 बजे जब माखननगर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचीं, तो फैक्ट्री का मुख्य गेट बंद कर दिया गया और पुलिस को अंदर नहीं जाने दिया गया। प्रशासन की सख्त कार्रवाई रविवार शाम नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी और श्रम विभाग की संयुक्त टीम जांच के लिए पहुंची। मौके पर प्रबंधन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला, जिसके बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल को सील कर दिया।

नाग पंचमी पर अखाड़े में लगे दांव-पेंच, सम्मानित हुए पहलवान

पंचशील व्यायाम शाला के पहलवानों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सावन माह में नाग पंचमी के पावन पर्व पर शहर के नई गरीबी लाइन क्षेत्र में कुश्ती के रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पिछले तीन पीढ़ियों से मोहल्ले में संचालित पंचशील व्यायाम शाला के तत्वावधान में सोमवार को कुश्ती दंगल का शानदार आयोजन किया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में पहलवानों ने अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कुश्ती के मुकाबलों की शुरुआत से पूर्व, अखाड़े में भगवान हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात अलग-अलग आयु वर्ग के लगभग 18 से 20 पहलवानों की जोड़ियों ने अखाड़े में



उतरकर कुश्ती के एक से बढ़कर एक दांव-पेंच आजमाए। एक दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपने दमखम और फुर्ती से कुश्ती का मैदान जीत लिया, जिसे देखकर वहां मौजूद दर्शकों ने जमकर उत्साहवर्धन किया।

पहलवानों का हुआ सम्मान

कुश्ती के इस आयोजन में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले और विजेता रहे पहलवानों को पंचशील व्यायाम शाला समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस आयोजन ने युवाओं में कुश्ती जैसी पारंपरिक खेल विधा के प्रति उत्साह जगाने का काम किया। इस पूरे आयोजन में पंचशील व्यायाम शाला के पहलवान एवं पूर्व सभापति व पार्षद रजनीकांत सोनकर और बल्ला पहलवान विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में इनके अलावा धर्मेंद्र बंटी यादव, तन्ना कदम, जगदीश कुचबंदिया, ननकू सोनकर, कैलाश रैकवार अन्ना पहलवान सहित व्यायाम शाला के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

नमामि देवि नर्मदे संस्कार कावड़ यात्रा की बैठक

एक कांवड़ में होगा नर्मदाजल, दूसरी में होगा पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में 22 अगस्त को दोपहर 2 बजे से भक्ति भाव के साथ विशाल नमामि देवि नर्मदे संस्कार कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें एक कावड़ में नर्मदा का जल होगा तो दूसरी कावड़ में लहलहाता पौधा होगा। नमामि देवि नर्मदे संस्कार कावड़ यात्रा विवेकानंद घाट से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी और प्राचीन श्री काले महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां रूद्राभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के बाद सभी साथीगण पौधरोपण करेंगे। इस कावड़ यात्रा में करीब 8 से 10 हजार से अधिक स्वयं सेवक शामिल होंगे। सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय में नमामि देवि नर्मदे



संस्कार कावड़ यात्रा की बैठक संपन्न हुई। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बैठक के दौरान अपने विचार रखते हुए कहा कि हम हमारे वार्ड के साथ ही समूचे नगर के श्रद्धालुगणों को एकत्रित कर उन्हें कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह करूंगी। उन्होंने उपस्थित पार्षदगणों से आव्हान किया कि वे अपने अपने वार्ड से नमामि देवि नर्मदे संस्कार कावड़ यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करें। बैठक में जनअभियान परिषद के संभागीय मुख्यालय भोपाल के समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव, नर्मदापुरम संभागीय समन्वयक कौशलेस तिवारी, तैराकी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. पीयूष शर्मा, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष नीतू यादव, जपं अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे आदि मौजूद थे।

जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण, मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीलम गांधी एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा चावरे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कांग्रेसजनों को एकता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए कहा कि सभी भारतवासी मिल-जुलकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक पर्व शांति के साथ मनाएं और राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने युवाओं एवं बच्चों से महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण कर देश के विकास में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष ओमसेन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, नीलम गांधी, अजय शुक्ला, नरेश चौहान सहित पार्षदगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवादल एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पशु कुकृत्य मामला : युवक पर विश्व हिंदू परिषद ने कराई एफआईआर, की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ ग्राम निमसाड़िया में पशु के साथ हुए घिनौने और निंदनीय कृत्य का मामले में अब एफआईआर दर्ज हो गई है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी नितिन मेषकर ने देहात थाने में क्रूरता के विरोध में आवेदन दिया था।

आवेदन के अवलोकन पर आरोपी लल्ला पड़िहार निवासी निमसाड़िया का कृत्य धारा 11(1) क पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की व संवर्धन अधिनियम 1960 का प्रथम दृष्टया पाया जाने से आरोपी लल्ला के विरूद्ध अपराध धारा सदर का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी लाला पड़ियार की करतूत पर जहां पूरे गांव में गहरा आक्रोश था। वहीं अब इस पूरे घटनाक्रम में लोहे का कारोबार करने वाले व्यापारी की संदिग्ध भूमिका पर भी सवाल खड़े हुए थे। बताया जाता है कारखाने के सीसीटीवी में कैद घटना हुई थी।

जानकारी मिलने के बाद व्यापारी ने आरोपी के साथ मारपीट की और उसके परिजनों को बुलवाया था लेकिन इतने गंभीर व संवेदनशील अपराध की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दी थी। ग्रामीणों का कहना है कि जब कारखाने में इतना बड़ा कुकृत्य हुआ और सीसीटीवी के रूप में ठोस साक्ष्य मौजूद थे, तो व्यापारी ने इसे पुलिस से क्यों छुपाया था।

मामले में सामाजिक संस्थाओं ने भी ज्ञापन सौंपकर की थी कार्रवाई की मांगः एक लोहे के कारखाने में ग्राम निमसाड़िया निवासी आरोपी लल्ला पडियार द्वारा पशु के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने की बात विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई थी। इसको लेकर सर्व ब्राह्मण समाज एवं सनातन धर्म और अखंड ब्राह्मण समाज के अनुयायियों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की थी। अब इस मामले में केस दर्ज होने पर आखिरी कार्रवाई की जाएगी।

अभाविप ने निकाली 1000 फीट तिरंगा यात्रा, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस एवं वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को 1000 फीट तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ शासकीय प्रधानमंत्री नर्मदा महाविद्यालय से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र मालवीय एवं मुख्य वक्ता मृदुल नाथ चौहान ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं से राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा सदर बाजार, सराफा मुख्य मार्ग होते हुए सेठानी घाट पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और युवा देशभक्ति के गीतों के साथ शामिल हुए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। समापन



अवसर पर सेठानी घाट पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का गायन किया गया। नगर मंत्री दिव्यांश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

नर्मदा अंचल पत्रकार संघ ने निकाली रैली

तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देती है : राज्य सभा सांसद माया नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नर्मदा अंचल पत्रकार संघ ने सोमवार को कोठी बाजार स्थित पीपल चौक पत्रकार भवन के सामने से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर पत्रकार, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी और शहरवासी राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए।

इस मौके पर सांसद माया शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देती है।उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से देश को आजादी मिली है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान को सर्वोपरि रखे।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और पत्रकार समाज में



जागरूकता पैदा करने के साथ राष्ट्रहित के विषयों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।राष्ट्रीय पर्व अपने दायित्वों को दिलाता है याद- डिप्टी कलेक्टर जैनइस मौके पर डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने दायित्वों को याद करने का अवसर भी है। तिरंगा हमें एकता, अनुशासन और भाईचारे का संदेश देता है। इसके बाद पत्रकार भवन में पत्रकार साथियों ने तिरंगा यात्रा के उद्देश्य और राष्ट्रहित में पत्रकारिता की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान नर्मदा अंचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, सचिव विजय कुमार कुम्भारे, उपाध्यक्ष मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी, सह कोषाध्यक्ष विपिन महंत, प्रवक्ता रुद्र प्रताप सिंह, मदन शर्मा, मुकेश भदोरिया, सुधीर व्यास, बंटी सलीम, दुर्गेश राजपूत, धर्मेंद्र दीवान, राजेंद्र परिहार, राजीव अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, अंजू नारोलिया, डॉ. सीमा कैथवास, अंशुल पांडे, दयाराम फौजदार, हिना अली, मनोज तिवारी, तुकाराम यादव, जाकिर खान, ताज खान, राजेंद्र धाकड़, चंदू चचा, के एन त्रिपाठी, दुर्गेश परमार , गोलू अवस्थी, गोविंद चौधरी, कन्हैया लाल वर्मा, प्रतीक पाठक, एन डी दीक्षित, इंद्र कुमार सोनी अजय शर्मा, हेमंत राजपूत, रत्नेश दुबे, धर्मेंद्र ओझा , राजेश चौरे, प्रदीप जैन, लल्लन पटेल, दुर्गेश परमार, धर्मेंद्र जाट, खुशबु बूलचंदानी, दिनेश शर्मा, विलास नीले, सन्देश मालवीय आदि शामिल रहे।

झूलेलाल दरबार में लगा तांता अतिथियों ने लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में रविवार, 16 अगस्त को चालीहा व्रत महोत्सव के अंतर्गत अद्भुत आध्यात्मिक छटा देखने को मिली। आस्था, भक्ति और समर्पण के इस पावन अवसर पर प्रदेश और नगर के कई गणमान्य अतिथियों ने इष्टदेव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल के दर्शन कर उनका पुण्य आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भगवानदास सबनानी भारतीय सिन्धू सभा के संरक्षक, सिन्धी मेला समिति भोपाल के मुख्य संरक्षक एवं भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक, पीयूष शर्मा मध्य प्रदेश तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष, पंकज चौरे इटारसी नगर पालिका के अध्यक्ष, राहुल चौरे भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष ने श्री झूलेलाल मंदिर पहुंचकर पूरे विधि-विधान के साथ शीश नवाया। अतिथियों ने भगवान श्री झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा इटारसी नगर की सुख-शांति, समृद्धि की कामना की।

खबर संक्षेप

दादावाड़ी में रोशनी एग्जीबिशन का शुभारंभ



बैतूल। दादावाड़ी में रोशनी एग्जीबिशन का शुभारंभ सोमवार को सतपुड़ा वैली स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली डागा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं एग्जीबिशन में पहुंचीं और विभिन्न उत्पादों की शॉपिंग का लाभ उठाया। एग्जीबिशन में इस बार तीज और राखी स्पेशल थीम रखी गई है, जिसके चलते महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। एग्जीबिशन में महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। रोशनी एग्जिबिशन की सीमा जैन ने बताया कि आमंत्रित महिलाओं में निहारिका भावसार, मोनिका निरापुरे, मीरा एंथोनी, निमिषा शुक्ला, तूलिका पचौरी, नीता वराठे, रोशनी खातरकर, रंजना झोड़, विभा वागदे कीर्ति खान्डवे काजल कुमरे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उद्घाटन के बाद महिलाओं ने एग्जीबिशन में खरीदारी की और तीज व रक्षाबंधन की तैयारियों के लिए पसंदीदा सामान खरीदा।

अमृत भारत एक्सप्रेस को नियमित सेवा की मंजूरी



बैतूल। जिले के रेल यात्रियों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है कि रेलवे बोर्ड ने हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस को नियमित सेवा के रूप में संचालित करने की मंजूरी दे दी है। 12 अगस्त को रेलवे बोर्ड ने 07075/07076 चर्लपल्ली (हैदराबाद) -गोरखपुर स्पेशल ट्रेन को नियमित कर अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में चलाने का आदेश जारी किया। ट्रेन के नियमित संचालन से बैतूल के यात्रियों को तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। ट्रेन चर्लपल्ली, काजीपेट, पेड्डापल्ली, मंचेरियाल, बल्लारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, लखनऊ सिटी, गोमतीनगर, बाराबंकी, गोंडा और गोरखपुर स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे बोर्ड के कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन 22075 चर्लपल्ली से शुक्रवार रात 9.45 बजे रवाना होकर रविवार सुबह 6.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 22076 गोरखपुर से रविवार सुबह 8.30 बजे चलेगी और सोमवार शाम 5 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया हैदराबाद - गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस को नियमित सेवा के रूप में संचालित करने की मंजूरी दे दी है। ट्रेन 22075/22076 नंबर से चर्लपल्ली-गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस चलेगी। इस ट्रेन के नियमित होने से बैतूल जिले के यात्रियों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों के साथ-साथ नागपुर, भोपाल और इटारसी जैसे बड़े रेल जंक्शनों तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

ई-टोकन व्यवस्था बंद, अब पुरानी पद्धति से मिलेगा खाद

जिले में खाद का है पर्याप्त स्टॉक किसान केंद्रों से कर सकते हैं उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



किसानों को खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन (ई-विकास) व्यवस्था फिलहाल बंद कर दी गई है। अब जिले में करीब दो लाख किसानों को हाइब्रिड (मैनुअल ऑनलाइन) व्यवस्था के तहत खाद का वितरण किया जाएगा। नई व्यवस्था में रजिस्टर में किसानों का आधार नंबर, मोबाइल नंबर और कृषि रकबे की जानकारी दर्ज कर पुरानी पद्धति से खाद उपलब्ध कराया जाएगा। जिन किसानों ने पहले ही ऑनलाइन पंजीयन कर ई-टोकन प्राप्त कर लिया है, उन्हें भी उनके निर्धारित वितरण केंद्र से खाद मिलेगी। सरकार के निर्देश के बाद कृषि विभाग ने बदली व्यवस्था लागू कर दी है। जिले के शासकीय विक्रय केंद्रों पर खाद स्टॉक की जानकारी अपडेट करने के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को किसानों का डेटा संधारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

किसानों को रकबे के हिसाब से मिलेगी खाद

हाइब्रिड व्यवस्था में किसान को आधार कार्ड और भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर रकबे के हिसाब से खाद मिलेगी। इसमें यूरिया और डीएपी अथवा एनपीके शामिल होंगे। अधिक रकबा होने पर किसान को दोबारा आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और ऋण पुस्तिका की प्रति जमा कर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। कृषि विभाग के उप संचालक रामगोपाल रजक ने बताया कि ई-विकास पोर्टल को फिलहाल बंद कर हाइब्रिड व्यवस्था से खाद वितरण के निर्देश मिले हैं। किसानों को रकबे के अनुसार आधार और मोबाइल नंबर दर्ज कर नकद खाद दी जाएगी। किसानों का डेटा अपडेट किया जा रहा है।

ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए दर्ज होगी जानकारी

खाद वितरण और स्टॉक की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए कृषि विभाग ने मैनुअल वितरण करने वाले किसानों का आधार नंबर, मोबाइल नंबर और कृषि रकबे का विवरण निर्धारित फॉर्मेट में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। बाद में यही जानकारी पीओएस मशीन के माध्यम से पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। दरअसल ऑनलाइन बुकिंग में सर्वर की समस्या, तकनीकी कठिनाइयों और किसानों को हो रही असुविधा के कारण इसे फिलहाल रोका गया है। बताया जाता है कि इस पूरी व्यवस्था की समीक्षा और सुधार के लिए सुझावों के बाद ही भविष्य में कोई नई या सुधरी हुई प्रणाली लाई जाएगी। फिलहाल किसानों को केंद्रों पर जाकर पुराने तरीके से सीधे खाद प्राप्त करने की अनुमति दी गई है।

इनका कहना है

ई-टोकन व्यवस्था फिलहाल बंद कर दी गई है। किसानों का आधार नंबर, मोबाइल नंबर और कृषि रकबे की जानकारी दर्ज कर पुरानी पद्धति से खाद उपलब्ध किया जा रहा है। जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसान केन्द्रों से खाद ले सकते है।

- रामगोपाल रजक
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

खाद के लिए फिर किसानों को लगानी होगी लाइन

खाद वितरण के लिए शुरू की गई ई-टोकन प्रणाली बंद होते ही खाद के लिए किसानों को केन्द्रों पर लाइन लगाना पड़ेगा। जून, जुलाई में बोवनी के समय खाद का वितरण ई-टोकन प्रणाली से किया, जिसमें किसानों ने ऑनलाइन टोकन बुक कर समिति का चयन किया व समिति का खाद प्राप्त कर लिया। हालांकि इस प्रक्रिया में कई किसानों को खाद लेने दूरी तक जाना पडा, लेकिन ई-टोकन प्रणाली में कतारें कहीं दिखाई नहीं दीं। अब ई टोकन प्रणाली में बुकिंग ही नहीं हो रही। किसानों को गोदाम से खाद का वितरित की जा रही है जहां किसानों को लंबी लाइन में लगकर खाद प्राप्त करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि किसी भी प्रणाली से मिले, लेकिन किसानों को सहूलियत से खाद मिलना चाहिए।

जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक

कृषि विभाग के अनुसार जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसान घबराये नहीं, सभी किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया जायेगा। कृषि विभाग के अनुसार अभी वर्तमान में 24, 426 मेट्रिक टन खाद का स्टॉक जिले में उपलब्ध है। जिसमें यूरिया का 10,326 मेट्रिक टन खाद, एसएसपी 5019 एमटी, डीएपी 2818 एमटी, पोटाश 761 एमटी और एनपीके का 5502 मेट्रिक टन खाद स्टॉक मौजूद है। कृषि विभाग का कहना है कि किसानों को खाद की कमी नहीं आने दी जायेगी। फिलहाल जो स्टॉक मौजूद है, उसका वितरण किया जायेगा। यदि इसके बाद भी खाद की आवश्यकता पड़ती है तो खाद बुलाई जायेगी।

कार्यालय के सामने धरने पर बैठे अधिकारी

कृषि विस्तार अधिकारियों की कलमबंद हड़ताल शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता और वेतन विसंगतियों सहित विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ के आह्वान पर जिले के कृषि विस्तार अधिकारियों ने सोमवार से कलमबंद कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। जिले के सभी विकासखंडों के कृषि विस्तार अधिकारी हड़ताल पर रहे। वहीं जिला मुख्यालय पर उपसंचालक कृषि कार्यालय परिसर में कृषि विस्तार अधिकारी हड़ताल पर बैठे हैं। अधिकारियों का यह आंदोलन 20 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान अधिकारी ऑनलाइन ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं कराते हुए केवल ऑफलाइन उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में शुरू हुए आंदोलन में अधिकारियों ने शासन की ई-अटेंडेंस व्यवस्था को अव्यावहारिक बताते हुए विरोध जताया। संघ का कहना है कि कृषि विस्तार अधिकारियों का अधिकांश कार्य मैदानी और भ्रमण आधारित है। उन्हें गांव-गांव जाकर किसानों के खेतों में पहुंचना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या, शासकीय आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण ई-अटेंडेंस दर्ज करना व्यावहारिक नहीं है। संघ ने पूर्व व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

2400 से 2800 ग्रेड-पे करने की मांग

अधिकारियों ने वेतन विसंगति को लेकर भी नाराजगी जताई है। संघ की मांग है कि कृषि विस्तार अधिकारियों के वर्तमान 2400 रुपये ग्रेड-पे को बढ़ाकर 2800 रुपये किया जाए। इसके अलावा एक अधिकारी को अपने मूल कार्यक्षेत्र के साथ अन्य केंद्रों का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने पर मिलने वाले भत्ते में भी बढ़ोतरी की मांग की गई है। वर्तमान में मिलने वाले 500 रुपये प्रतिमाह भत्ते को बढ़ाकर 5000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग संघ ने रखी है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, इन मांगों को लेकर 11 अगस्त को शासन और विभाग को सूचना दी जा चुकी थी, लेकिन मांगों के निराकरण की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं होने के बाद अधिकारियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है।

21 अगस्त से आंदोलन

संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि जिला स्तर पर चल रहे आंदोलन के बाद भी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो 21 अगस्त से प्रदेश स्तर पर सामूहिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। फिलहाल जिलेभर के कृषि विस्तार अधिकारियों के कार्य बहिष्कार के चलते कृषि विभाग से जुड़े मैदानी कार्य और किसानों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पडने की संभावना है।

कार्यालय परिसर को तिरंगे के रंग से सजाया गया

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आईएन) सुमीत सिंह (से.नि.) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर को तिरंगे से सजाया गया था। बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, उनके परिवार एवं बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित हुए। अपने उद्बोधन में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग सदैव पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सेवा के लिए समर्पित है और आगे भी इसी भावना से कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों में मिठाई वितरित की गई। अंत में भारत माता की जय एवं जय हिन्द के नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी बैतूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



बैतूल। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी बैतूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एलडीएम आशुतोष कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वहीं ब्यूटी पार्लर के 35 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पारंपरिक लोक गीतों एवं देशभक्ति के संगीत द्वारा कई नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथिगणों द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोठीबाजार के चीफ मैनेजर अजय पांडे, आरसेटी डायरेक्टर एम. शेंडे एवं आरसेटी के समस्त स्टाफ सोनम धोटे, अरविन्द देशमुख, शिखा सोनी, मनोज पवार, नीलम रजक एवं समस्त प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर जिला अध्यक्ष निलय डागा ने किया ध्वजारोहण



बैतूल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा गांधी चौक कोठीबाजार में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज आहूजा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के विभिन्न विभागों, प्रकोष्ठों, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, किसान कांग्रेस सहित सभी मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों को नमन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता-अखंडता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आपसी एकजुटता के साथ जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी आवाज बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव समीर खान, संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

सावन के तीसरे सोमवार निकली पैदल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

मां माचना नदी के पावन तट से कावड़ में जल लेकर पैदल जठान देव के लिए यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए पैदल मार्ग से बरेठा से होते हुए भगवान जठान देव के मंदिर में पहुंचकर जल से अभिषेक करेगी। यात्रा डीजे बाजे,ढोल नगाड़ों के साथ भगवान की पूजा अर्चना और बाबा महाकाल के भजनों पर नृत्य करती हुई निकली। यह यात्रा प्रतिवर्ष सावन के माह में आयोजित की जाती है। जिसमें युवा वर्ग भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर क्षेत्र की खुशहाली, हरियाली और सुख-शांतिपूर्वक के वातावरण की कामना कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते है।

निजीकरण के खिलाफ राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



शाहपुर। आईटीआई कुंडी के छात्र-छात्राओं और ग्रामीण ने कुंडी आईटीआई से लगभग 6 किलोमीटर की पैदल यात्रा निकालकर निजीकरण का विरोध किया। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय शाहपुर पहुंचकर निजीकरण के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राज्यपाल के नाम संबोधित था। पैदल यात्रा और ज्ञापन देते समय सैकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमें छात्र संजना कहार, छात्र अंकित इवने, कन्हैया चौरे ग्रामीण ग्राम कामटी आदि ग्रामीणजनों ने मुख्य रूप से निजीकरण की मांग का और जोर विरोध किया।

51 पौधों का किया रोपण

शाहपुर। ग्राम सिलपटी, सोहागपुरढाणा और भयावाड़ी में चौरीया कुर्मी समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा ने समाज के लोगों के साथ मिलकर लगभग 51 पौधों का रोपण किया। मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सिलपटी के खेड़ापति मंदिर के प्रांगण में, सोहागपुर ढाणा के शिव मंदिर, भयावाड़ी ग्राम के पोसेरा मंदिर में रोपण कर उपस्थित सभी लोगों को पौधरोपण कर, उसकी देखरेख करने की अपील की गई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेसर्स चंदूमल सन्मुखदास
(शक्कर, तेल व खल्ली के थोक विक्रेता)
संचालक- थारवानी ब्रदर्स, बैतूलगंज-
9425002123

स्वतंत्रता दिवस की बैतूलवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
बी. आर. अम्बेडकर डीएड शिक्षा महाविद्यालय
जामठी, बैतूल
संचालक- श्री राहुल अग्रवाल
प्राचार्य : डॉ. व्ही. एस. ठाकुर एवं समस्त स्टाफ

जिले के समस्त नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.आर. अंबेडकर कॉलेज चक्कर रोड, बैतूल
श्री राम फार्मेसी कॉलेज जामठी बैतूल
संचालक- श्री ध्रुव प्रकाश अग्रवाल,
प्राचार्य डॉ.जी.डी. देशमुख, श्रीमती रोशनी खातरकर एवं समस्त स्टाफ विद्यार्थीगण

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. जामठी, बैतूल
श्री मनोज व्यास
प्रबंधक
श्री राजेश वाडियारकर
प्रशासक
श्री निकलेशसिंह राजपूत
सहायक प्रबंधक
व समस्त स्टाफ जामठी सोसायटी बैतूल

हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में लगातार चौथे वर्ष निकली कांवड़ यात्रा

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजी पवित्र नगरी, निकली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



पवित्र नगरी मुलताई में सोमवार को धर्म, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में लगातार चौथे वर्ष माँ ताप्ती शिवभक्त कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही नगर में श्रद्धालुओं और कांवडर्यों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

जैसे ही कांवड़ यात्रा प्रारंभ हुई, पूरा नगर हर-हर महादेव, बोल बम और माँ ताप्ती मैया की जय के जयघोष से गूंज उठा।कांवड़ यात्रा का शुभारंभ मंगलवार बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर से किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित हिन्दू युवा मंच के नरेंद्र गिरी गोस्वामी, गोलू ठाकुर, हनी सरदार, योगेश अग्रवाल, चंदू देशमुख, राजेश साहू, हनी भार्गव, संजू वराठे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आयोजकगण और धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना और धार्मिक जयघोष के साथ कांवडर्यों ने माँ ताप्ती का पवित्र जल कांवड़ में धारण किया और भगवान शिव के जलाभिषेक के संकल्प के साथ यात्रा प्रारंभ की।माँ ताप्ती परिक्रमा मार्ग से शिवधाम ,कांवड़ यात्रा माँ ताप्ती परिक्रमा मार्ग से होते हुए शिवधाम झिरी, प्रभात पट्टन की ओर रवाना हुई। यात्रा में शामिल कांवड़िए पूरे मार्ग में भक्ति और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ते रहे। कंधों पर कांवड़ और हाथों में भगवा ध्वज लिए श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और धर्मप्रेमी नागरिक भी शामिल हुए। श्रद्धालुओं की मौजूदगी और धार्मिक जयघोषों के कारण पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा।

भगवा ध्वजों और जयकारों से शिवमय हुआ वातावरण

कांवड़ यात्रा के दौरान जगह-जगह हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे सुनाई देते रहे। भगवा ध्वजों के साथ आगे बढ़ रही कांवड़ यात्रा ने मुलताई की धार्मिक पहचान को और जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए परिवार, समाज और नगर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। आयोजक हिन्दू युवा मंच द्वारा यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने और पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई थी। लगातार चौथे वर्ष आयोजित इस कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आस्था और भक्ति का बना अनूठा संगम

मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई से निकली इस कांवड़ यात्रा ने एक बार फिर नगर में धार्मिक एकता और आस्था का वातावरण निर्मित किया। कांवडर्यों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। यात्रा के दौरान पूरा नगर शिवभक्ति में डूबा नजर आया और चारों ओर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।

खबर संक्षेप

स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री के हाथों सम्मानित हुए एएसआई गणेश राय



सोहागपुर। पुलिस विभाग में सेवाओं के केंद्रीय गृहमंत्री का अति उत्कृष्ट सेवा पदक श्रेष्ठ पुलिसकर्मियों को दिया जाता है। इस क्रम में स्वतंत्रता दिवस पर सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय को भी सम्मानित किया गया है। एएसआई गणेश राय वर्ष 2023 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री के अति उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए नामांकित किए गए थ। उनको केंद्रीय गृहमंत्री भारत सरकार के द्वारा अति उत्कृष्ट सेवाओं के लिए यह पदक दिया गया है। यह पदक पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त होने पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के नर्मदापुरम जिला मुख्यालय की पुलिस लाइन के मुख्य कार्यक्रम में दिया गया है। राय ने बताया कि वर्ष 2024 में पदक की घोषणा हुई थी, जिसमें प्रदेश के 125 अधिकारी-कर्मचारी अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं 168 अधिकारी-कर्मचारी उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चुने गए थे। राय को मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग के हाथों पदक व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। पूर्व में भी गणेश राय को पुलिस महानिदेशक मप्र की प्रशंसा डीजीसीआर व कर्मवीर योद्धा आदि प्रशस्ति पत्र एवं पदक मिल चुके हैं। राय को जिला एवं थाना अधिकारियों सहित सोहागपुर वासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

हर्षोल्लास से मनाया पर्व जगह-जगह आयोजित किए कार्यक्रम

वेयरहाउस परिसर में कीचड़ में खड़े होकर मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और भारत की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगे के सम्मान में 14 अगस्त को ग्राम पंचायत बीजनवाड़ा में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहाँ एक ओर शासन-प्रशासन और नेताओं के लिए रेड कार्पेट और फूलों की रंगोलियां सजाई जाती हैं, वहीं देश के अन्नदाता को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इसी उपेक्षा और जमीनी हकीकत को दर्शाते हुए मूंग उपार्जन केंद्र 'श्री बालाजी वेयरहाउस सिरवाड़' पर उपस्थित किसान भाइयों ने कीचड़ में खड़े होकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। किसान राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य नहीं भूले किसान जो जहां थे वही मनाया स्वतंत्रता दिवस फहराया शान से तिरंगा

भेदभाव पर किसानों का झलका दर्द:

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कहा कि देश में हर क्षेत्र में बदलाव का दावा किया जाता है, लेकिन किसान की स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। बड़े अधिकारियों और नेताओं के लिए भव्य आयोजन होते हैं, लेकिन किसानों को सम्मानजनक वातावरण तक नसीब नहीं होता। इसी के विरोध स्वरूप किसानों ने कीचड़ में खड़े होकर स्वतंत्रता दिवस मनाकर अपना संदेश दिया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के संयोजक चंद्रकांत डोब्बाल ने सभी किसानों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं संगठन की ओर से मिठाई वितरित की।

त्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस शान से लहराया तिरंगा

माखन नगर 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया नगर में शासकीय कार्यालयो में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी की गई। नगर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम समारोह पूर्वक मॉडल स्कूल में किया गया जहां जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामें ने ध्वजारोहण किया नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करते हुए क्षेत्र के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी नगर में शासकीय कार्यालय एवं नगर परिषद, पंडित माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल, तहसील कार्यालय पुलिस थाना कृषि उपज मंडी अस्पताल, जनपद पंचायत, कृषि विभाग, महिला बाल विकास, जिला सहकारी बैंक, शासकीय एवं प्राइवेट स्कूल, नगर के चौक चौराहा पर तिरंगा लहराया।

गोद वेयरहाउस के सामने किसानों ने किया रोड जाम, तहसीलदार की समझाइश पर माने किसान एक घंटे बंद रहा मार्ग



माखन नगर किसानों की मूंग तुलाई की रफ्तार धीमी होने के कारण गोदा वेयरहाउस के सामने नर्मदा पुरम पिपरिया मार्ग पर किसानों ने ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़े करके रोड जाम कर दिया दोनों तरफ वाहन की लंबी लाइन लग गई प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे किसानों से बात की समिति प्रबंधक वेयरहाउस मलिक को बुलाया और अधिकारियों की समझास पर किसानों ने सड़क पर लगे ट्रैक्टर ट्राली हटाए और 1 घंटे से लगा जाम खुला राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के रमाकांत मीणा का कहना है कि इस वेयरहाउस में 2162 स्लाइड बुक है और 2 दिन खरीदी और होगी 764 किसानो की मूंग तुलना है यह कैसे संभव होगा कई किसानों की मुंग नहीं तुल पाएगी और कुछ किसानों ने 14 तारीख को मूंग कीतुलाई थी उनके बिल भी अभी तक नहीं बने सेवा सहकारी समिति बागलखेड़ी के समिति प्रबंधक ने ज्यादा संख्या में किसानों की स्लाइड होने के कारण प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर कुछ किसानों की स्लाइड अन्य वेयरहाउस में स्थानांतरित करने का निवेदन किया है वही तहसीलदार सुनीता साहनी ने बताया की सभी किसानों के बिल बनाए जाएंगे अभी पोर्टल 8:00 बजे बंद होने की बात की जा रही है उसमें सुधार किया जाएगा वही वेयरहाउस मलिक को कहा है की ज्यादा देर तक खरीदी की जाए और स्टेक रात में लगाई जाए सभी किसानों की मूंग की तुलाई होना चाहिए कोई किसान रह न जाए वरिष्ठ अधिकारियों को पोर्टल संबंधी समस्या से अवगत कराया जाएगा।

हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र में 80 वां स्वतंत्रता दिवस पर्व शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। नए बस स्टैंड पर सामूहिक आयोजन में नपाध्यक्ष लता पटेल की उपस्थिति में जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने ध्वजारोहण किया। तथा स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यालय में नपाध्यक्ष लता पटेल ने सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। सेंट पैट्रिक्स स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, पं. जेएलएन स्मृति कॉलेज, प्रिंस स्कूल शोभापुर, आदर्श पब्लिक स्कूल, नर्मदांचल स्कूल, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, कृषि एवं सिंचाई, थाना, अस्पताल तथा बीआरसी व अन्य निजी तथा शासकीय कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। सामूहिक कार्यक्रम में निजी एवं शासकीय स्कूली बच्चों ने राष्ट्रवाद आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिन्हें नागरिकों ने तालियों तथा भारत माता की जय के नारों के माध्यम से सराहना दी। वहीं बिहारी चौक पर भाजपा द्वारा तथा गांधी मंच पर कांग्रेस द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में पीएससी में हाल के दिनों में चयनित सहायक अनुसंधान अधिकारी अंजन दुबे ने ध्वजारोहण किया।

इन्होंने दी बधाई

क्षेत्रवासियों को समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, पूर्व कांग्रेस नगराध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, समाजसेवी प्रवीण साहू, डॉ. जोएब अली, अरविंद रघुवंशी नवलगांव, सौरभ पटेल, बीपीओ जीएस मेहरा, शासकीय ठेकेदार संगठन जिलाध्यक्ष एससी जैन, सहकारी समिति प्रबंधकों रामगोपाल यादव व मोहन गोस्वामी, प्राचार्या सुनीता गढ़वाल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, व्यापारी प्रशांत जायसवाल, सरपंचगण माया शाह, संतोष पटेल, सुरेश कुशवाहा, बड़ीबाई, कलाबाई राय, संतोष पटेल, अशोक ब्रम्हवंशी, पूजा अहिरवार एवं खुश्बू रघुवंशी, शरद दुबे शोभापुर, कांट्रेक्टर नीरज रघुवंशी, युकां नेता ऋषभ दीक्षित, भाजपा नेता प्रमोद रघुवंशी, नायब तहसीलदार आरएस मरावी, एई माखन धनगया, बीएमओ डॉ. रेखा गौर, पटवारी नागेश निवारिया, रेंजर्स विलास डोंगरे तथा राहुल उपाध्याय, बीआरसी राकेश रघुवंशी, एसएडीओ एसके बर्डे, ग्रापं सचिवों भगवान दास रघुवंशी, रामचंद्र पटेल, राजेंद्र पुर्विया ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है।

श्रावण माह के तृतीय सोमवार को निकाली सिंदूर कांवड़ यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर प्रतिवर्ष बिट्टलेश सेवा समिति सेनानी परिवार एवं लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा द्वारा एवं नगर की संस्थाओं के सहयोग से कावड़ यात्रा निकाली जाती है इस वर्ष भी श्रावण माह के तृतीया सोमवार को बावड़ी वाले बालाजी मंदिर से भव्य कांवड़ यात्रा शुरू की गई जिसमें भगवान भोलेनाथ की सुंदर झांकी पालकी में सजाई गई जहां पुरुष वर्ग श्वेत वर्ष में वही महिलाएं पीली साड़ी पहनकर शामिल हुई कावड़ यात्रा में हर हर महादेव और बम बोल की गूंज लगातार सुनाई दे रही थी।

कावड़ यात्रा शनिचरा बाजार साहू मोहल्ला और मुख्य मार्ग से होते हुए प्राचीन शिवालय मंगलवारा बाजार पहुंची यहां सभी कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया कावड़ यात्रा में विधायक विजयपाल सिंह पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा एवं नगर के सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन के पदाधिकारी सदस्यों ने शामिल होकर महादेव का पूजन किया विट्ठलेश समिति सीहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा से यह कावड़ यात्रा प्रतिवर्ष निकालता है और इसमें शामिल होकर नगर वासी पुण्य लाभ लेते हैं दीपक वर्मा ने सिंदूर कांवड़ यात्रा में शामिल सभी लोगों को हृदय से धन्यवाद देकर अपेक्षा की है।

स्वतंत्रता दिवस पर किया गया पत्रकारों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के पत्रकारों का पुष्प हाथ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान किया

कांग्रेस नेताओं का पत्रकार चौथा स्तंभ है और लगातार जन समस्याओं को शासन के समक्ष उठाते हैं हम उनके सभी कांग्रेस जन सम्मान करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि वह आगे भी समाज के कल्याण और जन समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे कार्यक्रम में ब्लॉक नगर किसान कांग्रेस युवक कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन महिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

संभाग आयुक्त और आई जी ने नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर शुक्रवार को संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ और पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) चंद्रशेखर सोलंकी ने माखन नगर स्थित नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल के नए भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण की गति धीमी देख अधिकारियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित इंजीनियरों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए 15 दिवस के भीतर स्कूल हैंडोवर करने के निर्देश दिए। समय सीमा के भीतर हैंडोवर न होने की स्थिति में पेनल्टी लगाने की कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व, 14 अगस्त को स्कूल परिसर में स्थित शहीदों के स्मारक पर पहुंचकर उन्हें नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक पर उकेरे गए स्वतंत्रता सेनानियों के नाम न केवल हमारे शहर का गौरव बढ़ा रहे हैं, बल्कि नई पीढ़ी को देशप्रेम का संदेश भी दे रहे हैं। इस दौरान संभाग आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्मारक के रूप में व्यवस्थित करने, के भी निर्देश दिए। चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं जनपद परिसर में बट वृक्ष के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से उनकी समस्याएं जानी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

पचमढ़ी में हुआ टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सांदीपनि विद्यालय का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



विकासखंड स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार। यह प्रतियोगिता पिपरिया के लर्निंग स्टेम विद्यालय में संपन्न हुई। जिसमें पचमढ़ी के खिलाड़ियों ने तीनों वर्गों में 14 वर्ष ,17 वर्ष, और 19 वर्ष में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए चयनित सूची में अपना स्थान बनाया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया ज सांदीपनि विद्यालय के खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय खेल शिक्षक संतोष यादव को जाता है। प्रतियोगिता का सफल संचालन विकासखंड खेल शिक्षक अरविंद शर्मा , हर्ष मालपानी,संतोष यादव,उमेश बरैया ,सोनू ठाकुर आदि के द्वारा किया गया।

खिलाड़ियों की सफलता के लिए सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी के प्राचार्य मनीष गुप्ता एवं शिक्षक सविता साहू, रूपनारायण श्रीवास, ज्योति यादव, किसनलाल उइके ने शुभकामनाएं दीं

बारिश ओर कोहरे में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



स इन दिनों पचमढ़ी के नागद्वारी मेले में बढ़ रही भगतों की भीड़ में हर हर महादेव के जयकारो से नगर गूंज रहा तो दूसरी ओर बारिश ओर कोहरे ने श्रद्धालुओं के मन को मोहित कर लिया। आस्था ओर विश्वास के इस महा कुम्भ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु नागद्वार में मानता करने आते ओर जिनकी मानता पूरी हो जाती है वह नागदेवता को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने आते है। सतपुड़ा पर्वत की दुर्गम पहाड़ियों एवं बरसाती झरनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु 19 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई करते हुए पद्मसेश नागद्वारी मंदिर पहुंचते हैं। जहां पहुंच कर भक्त अपनी शारीरिक तकलीफ भूल कर महादेव की भक्ति में खो जाते है।

मारवाड़ी महिला मंडल ने मनाया तीज उत्सव, प्रतियोगिताएं आयोजित की

माखननगर। मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा तीज उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक गेम, सरप्राइज गेम एवं हाउजी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनका सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान एवं श्रृंगार के साथ तीज पर्व की खुशियां साझा कीं। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एकजुट कर आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष शिवानी खंडेलवाल, सचिव रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरती पाटनी, उपाध्यक्ष प्रीति टाबरी एवं सह-सचिव अंशु खंडेलवाल सहित रानू गोलछा, दीपिका टावरी, अनीता अग्रवाल, स्वर्णिमा जैन, वर्षा जैन, मीनू अग्रवाल, नेहा टावरी, ममता जैन, प्रियंका खंडेलवाल, अरुणा अग्रवाल, रानी माहेश्वरी, सरला माहेश्वरी एवं रितु खंडेलवाल विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उपस्थित महिलाओं ने मारवाड़ी महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं आयोजकों की सराहना की।

लायंस क्लब माखन नगर अध्यक्ष का दायित्व राजेश मीना को मिला

माखन नगर। शनिवार को 80 वे स्वतंत्रता दिवस की संध्या में लायंस क्लब बाबई (माखननगर) का संस्थापन समारोह बहुत ही गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन ठाकुर विजयपाल सिंह विधायक ,संस्थापक अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लॉयन कमल भंडारी ,मुख्यवक्ता के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लॉयन दिलीप धारीवाल , रीजन चेयरपर्सन संजीव मालवीय , जॉन चेयरपर्सन के रूप में मैं खुद एमजेएफ ला डॉ जे पी मालवीय, ला डॉ अतुल सेठा, **MJF** ला **D S** डांगी, ला **Barele** साहब आदि शामिल रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया कार्यक्रम

विधालय में किया वृहद पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पर्यावरण पखवाड़े अंतर्गत हरियाली अमावस्या पर सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें अतिथि रूप में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरस्वती पूजन के उपरांत अतिथि परिचय प्राचार्य अशोक दुबे ने कराया। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि नप ने बारिश के मौसम में पौधारोपण का कार्यक्रम शुरू कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा। खुशी है कि सरस्वती शिशु मंदिर में पौधारोपण किया जा रहा है। बीईओ राकेश कुमार उईके ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार और अनुशासन के लिए ख्यात होते हैं। अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन विद्यालय संचालन समिति व्यवस्थापक संजीव दुबे ने किया। अतिथियों के हाथों स्कूल परिसर में पौधरोपण कराया गया। इस दौरान शाला संचालन समिति अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजा पटेल, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव देवराज पटेल, समिति सदस्य सौरभ सोनी, नप राजस्व शाखा प्रभारी संजय परसाई, विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

पलकमती नदी की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो चुका सोहागपुर में रामगंज रिपटा, सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर में पलकमती नदी पर बिना रिपटा गत दिनों बाढ़ के पानी में क्षतिग्रस्त हो गया था। लगभग एक सप्ताह का समय बीतने पर भी जब नगर प्रशासन ने सुधार को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई तो रिपटे के आसपास के क्षेत्र के युवाओं ने ही कामचलाऊ सुधार शुरू किया है।

एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता तौसीफ खान ने बताया कि नौ अगस्त 202 की बारिश में शहर के रामगंज व सरदार वार्ड क्षेत्र को बाकी हिस्सों से कम समय व कम दूरी में जोड़ने वाला पलकमती नदी पर बना रामगंज रिपटा क्षतिग्रस्त हो गया था। इस गंभीर समस्या से नगर के सभी जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया था। साथ ही रिपटा सुधार का अनुरोध भी किया गया था कि मरम्मत तक मार्ग बंद किया जाए। क्योंकि रोजाना दोपहिया, तिपहिया व चौपहिया वाहन रिपटे की सड़क की गड्ढों में फंस रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उक्त रिपटे से नियमित स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को हो रही है। लेकिन तब भी प्रशासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है।

तगाड़ी, कुदाली थाम आगे आए युवा

रामगंज रिपटे के आसपास निवासरत युवाओं ने बताया कि अब जब शासन व प्रशासन नींद में हैं तो क्षेत्रीय युवा जागे हैं। मातापुरा वार्ड, रामगंज वार्ड, राजेंद्र वार्ड और किलापुरा वार्ड के युवाओं ने आगे बढ़कर अपने स्वयं के व्यय से पुल की मरम्मत का बीड़ा उठाया है। युवाओं ने स्वतंत्रता दिवस के दिन शनिवार को गेंती, फावड़ा, तगाड़ी उठाए एवं आसपास से गिट्टी, बजरा, मिट्टी तथा रेत से रिपटे की क्षतिग्रस्त सड़क के हिस्सों में पुराव कार्य किया है। लगभग दो घंटे तक युवाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों ने पुराव कार्य किया। कांग्रेस ने मामले में सत्ता पक्ष व प्रशासन पर नींद में होने का तंज कसा है।

जगतगुरु शंकराचार्य का मना अवतरण दिवस, किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर शुक्रवार को भगवान जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अवतरण दिवस पर 2700 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया था।

शुक्रवार को नर्मदा किनारे सूरजकुंड के आसपास 2700 पौधे लगा कर संकल्प पूरा किया इस अवसर पर शंकराचार्य जी के परम भक्त देवानंद महाराज, स्वामी स्थाणुपुरुषानंद महाराज ,सोनू राजपूत, अक्षय तिवारी, अनिल पाटीदार, गोपी नीखर, एवं गुडला शु क्कर वाडा धानसी ग्राम की महलाएं शामिल हुई स्वामी ने बताया यह सब गुरु भगवान नर्मदा मइया और गोमाता की कृपा से संभव हो सका।

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पांच संगठनों ने दिया ज्ञापन

न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए प्रतिमाह करने व समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा





भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पांच संगठनों ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आउटसोर्सिंग, दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों समेत सभी श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग की गई।

संगठन ने असंगठित, संगठित, शासकीय, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के श्रमिकों और कर्मचारियों से जुड़ी कुल 57 मांगें शासन के सामने रखीं। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र गुर्जर और नर्मदापुरम संभाग के विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे श्रमिकों और कर्मचारियों की समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं हुआ है। इन्हीं समस्याओं को लेकर 57 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन शासन तक पहुंचाया गया है। ज्ञापन में आउटसोर्सिंग, दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों सहित सभी श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। इसके साथ ही समान कार्य करने वाले कर्मचारियों को समान वेतन देने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि श्रमिकों से काम उनकी जिम्मेदारी के अनुसार लिया जाता है, लेकिन वेतन और सुविधाओं में काफी अंतर है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री प्रबल पंवार ने बताया कि 26, 27 और 28 जुलाई 2026 को रांची, झारखंड में अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक हुई थी। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार देशभर में श्रमिकों और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हरदा में भी ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र गुर्जर ने कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की मांगों पर केवल आश्वासन दे रही है। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान नहीं होने पर कर्मचारियों को संगठित होकर अपने हक के लिए संघर्ष करना होगा। जिला मंत्री प्रबल पंवार ने भी कर्मचारियों और मजदूरों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मांग है कि प्रदेश से लेकर देशभर के कर्मचारियों और मजदूरों को केंद्र के समान वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी और श्रमिक एकजुट होकर अपनी मांगों को मजबूती से शासन के सामने रखें।

ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश धामनदे सहित भारतीय मजदूर संघ के अन्य पदाधिकारी और सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने शासन से श्रमिकों और कर्मचारियों की समस्याओं पर जल्द निर्णय लेने की मांग की। भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन के माध्यम से मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की। संगठन ने कहा कि श्रमिकों और कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति, वेतन और सेवा से जुड़ी समस्याओं का समय पर समाधान होना जरूरी है। संगठन ने शासन से 57 सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को कथित तौर पर रोकने से नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को कथित तौर पर रोकने के मुद्दे पर भाजपा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर निशाना साधा। भाजपा ने इसे राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम का उल्लंघन बताते हुए ह्यदिमागी नक्सलह्न मानसिकता का प्रतीक बताया। रविवार शाम भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर भाजपा कार्यालय से कैंडल मार्च निकाला। मार्च कांग्रेस कार्यालय पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गान किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस कार्यालय में प्रवेश करने से रोकने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की थी। इस दौरान सीढ़ियों से ऊपर जाने का प्रयास कर रहे भाजपा नेताओं को पुलिस ने रोक दिया। करीब 10 मिनट तक पुलिस जवानों और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस कार्यालय के नीचे ही सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि जब देश 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, तब कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया गांधी ने हाथ के इशारे से वंदे मातरम को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी द्वारा वंदे मातरम का विरोध दिमागी नक्सल समर्थन तंत्र वाली मानसिकता को दर्शाता है। वर्मा ने सवाल उठाया कि क्या कोई देशभक्त या संविधान, तिरंगे, स्वतंत्रता सेनानियों, देश की संप्रभुता और अखंडता में विश्वास रखने वाला भारतीय स्वतंत्रता दिवस पर वंदे मातरम के गायन से नाराज हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ने वालों के साथ देश के संविधान, संप्रभुता, अखंडता और 140 करोड़ लोगों का भी अपमान किया है। पूर्व विधायक और भाजपा प्रवक्ता संजय शाह ने कहा कि वह समय चला गया, जब देश में वंदे मातरम के गायन पर रोक लगाई जाती थी। उन्होंने कहा कि अब जिसे देश में रहना है, उसे वंदे मातरम कहना होगा।

नाग पंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया



हरदा। जिले में नाग पंचमी का पर्व इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर नाग देवता के दर्शन और पूजन कर उन्हें दूध अर्पित किया। शहर की नारायणी कुंज कॉलोनी स्थित पटेल बाबा मंदिर और कृषि उपज मंडी परिसर स्थित सेमल वाले बाबा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर दोपहर तक इन मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां उन्होंने दूध चढ़ाकर पूजन किया। इस दौरान, वन विभाग द्वारा सांप लेकर दक्षिणा मांगने पर प्रतिबंध के बावजूद, शहर में सपेरों को पिटारी में सांपों के साथ दक्षिणा मांगते देखा गया। जानकारी के अनुसार, समूचे अंचल में सोमवार को नाग पंचमी का त्योहार भक्तिभाव से मनाया गया। लोगों ने सुबह से ही आसपास के नाग मंदिरों में पहुंचकर पूजा-पाठ शुरू कर दिया था, जो देर शाम तक जारी रहा। शिवालयों सहित कई मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। हिंदू धर्म में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हर वर्ष नाग पंचमी पर्व मनाया जाता है। यह दिन नाग देवता को समर्पित है। इस साल नाग पंचमी सावन के तीसरे सोमवार को पड़ी, जिससे शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन भगवान शिव के साथ शेषनाग, वासुकी, तक्षक और कर्कोटक जैसे प्रमुख नागों की पूजा की जाती है।

स्वतंत्रता दिवस पर पिनेकल एकेडमी में ध्वजारोहण समारोह हुआ

विद्यार्थी आत्मनिर्भर बने, भारत के भविष्य की कुंजी आत्मनिर्भरता: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



विद्यार्थियों को सही दिशा देने का काम शिक्षकों का है,विद्यालयों में उत्सवों का आयोजन कर उनकी प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करने से बच्चों में आत्मविश्वास जागृत होता है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जिस स्वप्न को लेकर हमें स्वतंत्रता दिलाई है,उसकी जिम्मेदारी समझना होगा। जिस तरह विद्या अध्ययन के लिए कुंजी हुआ करती थी, इसी तरह स्वतंत्रता को सार्थक करने के लिए आत्मनिर्भरता सबसे बड़ी कुंजी है।

यह बात शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पिनेकल एकेडमी में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वावलंबी बनाने की सीख देनी होगी।हम देश के हित के लिए नियमों का पालन करे,यही सच्ची राष्ट्र भक्ति है।बच्चों में योग्य के साथ प्रतिस्पर्धा करने का भाव लाएं ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो। हमे सर्वांगीण विकास के सही मायने समझना होगा। इस दौरान विशेष अतिथि परशुराम सेना मप्र के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी सुधीर शर्मा ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को सार्थक करना होगा। वर्तमान के हालात को देखकर यह जिम्मेदारी विद्यार्थियों पर है। इस दौरान स्वागत उदबोधन पिनेकल एकेडमी के संचालक अब्दुल सईद खान ने दिया। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्र गान हुआ,वहीं अतिथियों ने सरस्वती पूजन किया।

संस्था के संचालक अब्दुल सईद खान एवं सुल्ताना खान ने अतिथियों को शाल,श्रीफल,अभिनंदन पत्र एवं बिल्व पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जान्हवी तोमर,साक्षी दुबे एवं विद्यार्थी जैनब एवं आयशा ने किया।अंत में आभार प्राचार्य प्रियंका तोमर ने व्यक्त किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना

कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण के बाद नन्हे मुन्ने बच्चों की परेड निकाली गई,मार्च पास्ट करते छोटे छोटे विद्यार्थियों ने ध्वज को प्रणाम कर अतिथियों को सलामी दी।वहीं बच्चे फैंसी ड्रेस में लक्ष्मी बाई,भगत सिंह,चंद्रशेखर आजाद,संभाजी बनकर आए।शुरुआत में यामी ने प्रभावी स्पीच दी,इसके बाद समूह नृत्य, हर्षी मंडलेकर द्वारा एकल गीत,विभिन्न भाषाओं में स्पीच हुई।वहीं आन्या देवड़ा के नृत्य पर खूब तालियां बजी।इसके बाद आर्मी जवान की शहादत को लेकर संदेश देती नृत्य नाटिका वहीं अक्षरा कदम,मयंक सर द्वारा प्रस्तुति हुई जो सराही गई।कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों एवं नृत्यों की प्रस्तुति को मुख्य अतिथि प्रहलाद शर्मा एवं विशेष अतिथि सुधीर शर्मा सहित विद्यार्थियों,पालकों ने सराही। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया।

उत्कृष्ट सीएसआर कार्य के लिए एनटीपीसी खरगोन सम्मानित



खरगोन। एनटीपीसी खरगोन को खरगोन जिले में उत्कृष्ट सीएसआर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, खेल एवं अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में एनटीपीसी खरगोन द्वारा किए गए प्रभावशाली कार्यों के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार गुरुप्रसाद कलेक्टर खरगोन एवं रविंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक, खरगोन द्वारा प्रदान किया गया। एनटीपीसी खरगोन की ओर से अभिरंजन सिंह, कार्यपालक (सीएसआर एवं आर एंड आर) ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान समावेशी सामुदायिक विकास के प्रति एनटीपीसी खरगोन की निरंतर प्रतिबद्धता तथा सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज में सार्थक प्रभाव उत्पन्न करने के प्रयासों को दर्शाता है।

स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों के बलिदान से मिली आजादी उनके प्रति कृतज्ञता का दिवस है स्वतंत्रता दिवस: आकरे



झिरन्या। इंदिरा सागर परियोजना सनावद के मुख्य अभियंता डीआर आकरे ने कहा है कि 80वां स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञत होने का पावन दिवस है। जिनके अद्वितीय त्याग, तपस्या और बलिदान से आजादी मिली है और हम स्वतंत्र भारत में विकास और प्रगति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्य अभियंता आकरे,झिरन्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के पम्प हाउस क्रमांक 2 पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने अमर शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आव्हान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश में विकास एवं हरित क्रांति में नर्मदा जल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भोपाल के सेवानिवृत सदस्य अभियांत्रिकी एचआर चौहान ने की। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निर्मित एवं निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाएँ किसानों के खेतों तक पानी पहुंचा रही है। जिससे कृषि उत्पादन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान समृद्धि का मजबूत आधार बन रही हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एसडीएम लोकेश छापरे,डीआर आंबरे, कार्यपालन यंत्री एचके सिंह और में.जगदीश गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी इंदौर के जितेन्द्र गुप्ता,अभय शुक्ला सहित विभागीय तकनीकी अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अलावा किसान प्रतिनिधियों में नरेंद्र पटेल,श्याम पंवार, मुकेश पटेल, वासुदेव चौधरी,राधेश्याम पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आभार एसडीओ के.एस.खंगार ने व्यक्त किया।

नाग पंचमी पर सिद्धनाथ मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

शहर में श्रावण मास के तृतीय सोमवार व नागपंचमी का पर्व एक दिन होने से शिवालयों में भी प्रातःकाल से श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हुआ और भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया। इसी कड़ी में भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में भी श्रावण मास का तृतीय सोमवार व नामपंचमी का पर्व धुमधाम के साथ मनाया। यहां प्रातः 4 बजे से सिद्धनाथ मंदिर खुला और पूजन-अर्चन व अभिषेक का दौर शुरू हुआ। सार्वजनिक श्रावण मास शिवड़ोला समिति के सहमीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव नाग योनी में जन्में थे। आज जिस स्थान पर मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग विराजित है, उसी स्थान पर शंभूजी (श्री सिद्धनाथ जी) की समाधि है। इसलिए नागपंचमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालू पूजन-अर्चन के लिए आते है। भगवान श्री सिद्धनाथ पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री सिद्धनाथ जी पर दूध, दही, शहद व जल चढ़ाकर पूजन-अर्चन व अभिषेक किया। वहीं रात्रि में भी आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया।

इन मंदिरों में भी चला पूजन-अर्चन का दौर

श्रावण मास के प्रथम सोमवार सराफा बाजार स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कसरावद रोड़ स्थित श्री मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित श्री बड़घाटेश्वर मंदिर, बाकी माता पथ स्थित श्री महाबलेश्वर मंदिर, कुंदा नदी तट स्थित काला देवल व महाकाल मंदिर, ज्योति नगर स्थित श्री ज्योतेश्वर महादेव मंदिर, जैतापुर स्थित श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, गांधी नगर स्थित श्री महामृत्युंजय मंदिर, डीआरपी लाईन स्थित श्री नीलकंठ मंदिर, कृषि उपज मंडी स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर, भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ब्राह्मणपुरी स्थित श्री ज्येश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन व अभिषेक किया गया।

हंडिया के रिद्धनाथ घाट से नर्मदा जल लेकर कांवड़ यात्रा निकाली

गुप्तेश्वर मंदिर में नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



सावन मास के तीसरे सोमवार को हरदा में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। हंडिया के रिद्धनाथ घाट से नर्मदा जल लेकर भगवान गुप्तेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। हजारों शिवभक्त हर-हर महादेव और बोल बम नर्मदे हर के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। विधायक डॉ. आरके दोगने भी कांवड़ियों के साथ यात्रा में शामिल हुए। शाम को गुप्तेश्वर मंदिर पहुंचकर नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। संख्या में शिव उपासक हंडिया स्थित रिद्धनाथ घाट पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर प्राचीन रिद्धनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद कांवड़ में नर्मदा जल लेकर श्रद्धालु गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।यात्रा के दौरान हाईवे किनारे बसे गांवों में लोगों ने सेवा स्टॉल लगाए। यहां कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा करने के साथ स्वल्पाहार और अन्य व्यवस्थाएं की गईं। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे शिवभक्तों ने यात्रा में उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

शाम करीब 3 बजे कांवड़ यात्रा हरदा शहर पहुंची। शहर के विभिन्न चौराहों और गलियों में लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया और पुष्पवर्षा की। डीजे पर भगवान शिव के भजनों के बीच कांवड़िए नाचते-गाते हुए आगे बढ़े। इस दौरान पूरे शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। शाम को कांवड़ यात्रा गुप्तेश्वर मंदिर पहुंची, जहां विधायक डॉ. आरके दोगने सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल से भगवान गुप्तेश्वर महादेव का अभिषेक किया। इस दौरान देश और प्रदेश में सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना की गई। विधायक डॉ. आरके दोगने ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से आमजन के साथ मिलकर यह कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करना है।

तृतीय सोमवार और नागपंचमी पर नागचंद्रेश्वर स्वरूप में सजे भोलेनाथ



हरदा। पवित्र सावन माह के तृतीय सोमवार एवं नागपंचमी के अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ दिव्य नागचंद्रेश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। मंदिर में भगवान का यह विशेष श्रृंगार कलाकार जयकृष्ण चांडक द्वारा किया गया। चांडक द्वारा पिछले 22 वर्षों से मंदिर में लगातार श्रृंगार किए जा रहे हैं और यह उनका 104वां श्रृंगार है। इस विशेष श्रृंगार को पूर्ण करने में करीब सात घंटे का समय लगा। श्रृंगार में मिट्टी, रंग, चमकदार कपड़ा, प्लास्टर ऑफ पेरिस, चुनरी, फूलों की माला और रंगोली का उपयोग किया गया। श्रृंगार कार्य में रोहित सोनी का भी सहयोग रहा। नागपंचमी एवं सावन के तृतीय सोमवार पर नागचंद्रेश्वर स्वरूप में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।





